जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों से अवैध शस्त्र/मादक पदार्थ समेत कुल 04 अभि0गण एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के अन्तर्गत कुल 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं के निर्देशन मे अवैध मादक पदार्थ/शस्त्र की क्रय/विक्रय/तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.09.2023 को थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान नकबजनी से सम्बन्धित अभियुक्त शंकर पुत्र रघुवर निवासी विक्रमपुर चरसोरा थाना इस्लामनगर जिला बदायूँ को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 286/23 धारा 4/25(1b) आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । थाना उघैती पुलिस द्वारा अभियुक्त नन्हे उर्फ टैनी उर्फ कुंवरपाल पुत्र डोरीलाल निवासी ग्राम शरह बरौलिया थाना उघैती जिला बदायूं को एक अवैध तमंचा 12 बोर व 02 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 193/23 धारा 3/25 (1B) आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । थाना मुजरिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोल्हाई व पातरचौहा जाने वाली सडक पर अभियुक्त नदीम मियां पुत्र मुशर्रफ अली निवासी ग्राम सराय रामदास थाना मुजरिया जनपद बदायूँ को एक अवैध देशी पौनिया 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 244/23 धारा 3/25 (1-b)(a) आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभि0गण को संबंधित मा0न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया ।

इसके अतिरिक्त थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा अभियुक्त सतीश पुत्र रामचंद्र निवासी दुधवा थाना जरीफनगर जनपद बदायूं को 24 देशी शराब की फ्रूटी के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 243/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है

शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के अन्तर्गत थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा कुल 02 व्यक्तियों 1. राजकुमार पुत्र हरदयाल निवासी सिरसा खुर्द थाना जरीफनगर जनपद बदायूं तथा 2. भुवनेश पुत्र रूप सिंह निवासी समसपुर भूड़ थाना जरीफनगर जनपद बदायूं, थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा जीशान पुत्र हाफिज कुरेशी निवासी मोहल्ला कुरेसियान कस्बा व थाना इस्लामनगर जनपद बदायू को अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार समस्त उपरोक्त को संबंधित मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

सोशल मीडिया सेल

जनपद बदायूं ।